


# VIP CITY

**Feels Luxurious Yourself**

## A Commercial Project

**Bang ON MAIN NH-08**
**(Delhi - Jaipur Highway)**
**Near Hotel Aambagh**

Kotputli (Jaipur) Rajasthan
The Upcoming New District Of Jaipur

RUDRAA
HOUSING INDIA
PRIVATE LIMITED
Developers




**A PREMIUM COMMERCIAL PROJECT**

# Govt. Approved Commercial SCO Plots

**The Future Of Retail Sector @Kotputli**

## A PREMIUM COMMERCIAL PROJECT!!

Presenting the future of retail @**KOTPUTLI**
The upcoming new district of **JAIPUR**

**IDEAL PLACE FOR**

- **Hotel**
- **Food Chain**
- **Retail Shop**
- **Offices**
- **Showroom**
- **Studio Apart**





# FUTURE INVESTMENT

## An Investment For The Future

Big Changes are coming for Commercial sector in the Post-pandamic world and There is no going back

# About Rudraa Housing India

**If you are looking for any property ?**

we are here to help you finding the best one in your budget.

**Rudraa Housing India** takes pride in building affordable residential and Commercial townships by providing SCO plots, apartments, houses and villas etc. Also dealing in commercial complexes, offices and shops for a better future.



# WHY TO INVEST IN VIP CITY ?

**VIP CITY** is one the Jewel Project, Which is Under ***Nagar Parishad***, Located in Heart of Kotputli Area Bang on National Highway – 8. Kotpulti Highway Its Far from Delhi 110 Kms. & From Gurgaon 80 Kms. Away. A well Straight Drive from Delhi 2.5 Hours away. Its Away 20 Kms. From NEEMRANA Area. Where's the Property Rates on HIKE. 65% Prices are appreciates in Last 3 Years. Where Prices are Rs. 30K per Sq. Yds. Now a days in well planned township. Hence its was **VIP CITY** Is a Commercial Project where we are offering SCO plots (Showroom cum office) Standard Shop Size is 10 x 25

The government has approved the contract of global being developed on 40,000 acres in Neemrana- Behror – Kotputli, Rajasthan Govt & RIICO is going to develop a mega township nearby Kotputli. **A Good Source of rental income can be expected as more than 20,000 Employees are already working in the Keshwana RIICO area.** Neemrana-Behror-Kotputli will have the Cybercity, Medicity, Knowledge City, Entertainment City, SEZ City, World Trade City, Bio-Diversity Park, with their respective commercial areas.

***VIP City*** is 1 Kms. Away from Upcoming Rapid Metro.

## Kotputli is Notified for being a District of Jaipur.

As per Company survey Price Should be twice or thrice at that time. Property always give Returns.. Make your Future Bright..



# RICH NEIGHBOURHOODS

- Shree Krishna Paper Mills
- Emerge Glasses
- Alstone
- Om Logistics
- Ramco Industries
- Barlmant Industries
- Viva Food industries
- Pragati Industries
- Manglam Safari Hotel
- NEAR KESHWANA INDUSTRIAL AREA
- HOTEL AAMBAGH
- NEEMRANA JAPANESE ZONE
- Neemrana Italian Zone
- Neemrana South Korean Zone
- KESHWANA INDUSTRIAL AREA (RIICO)
- SOTANALA INDUSTRIAL AREA (RIICO)
- OTSUKA PHARMACEUTICAL
- POWER PLANT
- NIMT COLLEGE
- DHANUKA AGRITECH
- UPCOMING RRTS METRO STATION













RRTS is Upcoming Infrastructure For Area Development And Growth







Phase 1 RRTS METRO Work Start on Swing

# Some News Information for This Area Developments



समस्या बनी हुई थी।

## कालूहेड़ा में बनेंगे डीटीओ, पुलिस व मिनी सचिवालय के भवन

### कोटपूतली एसडीएम कार्यालय ने भेजा प्रस्ताव, जिला कलेक्टर के आवंटन आदेश का इंतजार

भास्कर न्यूज़ | कोटपूतली

घनी आबादी व संकरे रास्तों पर खेतड़ी रियासत के समय से चल रहे एसडीएम, तहसील कार्यालय सहित किराए के मकानों में चल रहे कई सरकारी भवनों को अब स्वयं का भवन नसीब हो सकेगा। इसको लेकर एसडीएम कार्यालय ने कालूहेड़ा के खसरा नंबर 295 का प्रस्ताव भेजा है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो सरकारी भवनों के लिए कालूहेड़ा में करीब 158 बीघा जमीन सरकारी कार्यालयों के लिए आवंटित हो जाएगी।

ज्ञात हो कि अतिरिक्त जिला मुख्यालय कोटपूतली में वर्तमान में एडीएम, डीटीओ, खान विभाग, आंगनबाड़ी कार्यालय सहित अन्य सरकारी भवन या तो किराए पर चल रहे है या किसी अन्य सरकारी कार्यालय की जमीन पर बने अस्थायी भवनों में चल रहे है। जबकि एसडीएम, तहसील, डीएसपी, सब रजिस्ट्रार सहित उपकोषाधिकारी कार्यालय घनी आबादी के बीच खेतड़ी रियासत के समय से सरकारी भवनों में चल रहे है जो अब जीर्ण-शीर्ण हो गए है। साथ ही इन कार्यालयों में जाने के लिए मात्र 12 फुट चौड़ा रास्ता ही बचा हुआ है। यदि सामने से कोई वाहन आ जाए तो दूसरा वाहन बच नहीं सकता। बल्कि वाहन को पीछे ही आना पड़ेगा। ऐसे में यहां अक्सर जाम लगा रहता है। अनेक बार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम, तहसीलदार व डीएसपी को तत्काल घटना स्थल पर पहुंचना पड़ता है लेकिन जाम के चलते उनके वाहन भी इस संकरे रास्ते में फंस जाते है। इसी प्रकार 1996 में खुला डीटीओ कार्यालय का भी अपना भवन व ट्रैक नहीं होने के कारण परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहन की ट्रॉयल करने में अन्य जमीनों का या रोड का सहारा लेना पड़ता है। इसी प्रकार सीडीपीओ कार्यालय सहित अन्य सरकारी कार्यालय भवनों के हालात भी ऐसे ही है। लंबे समय से सरकारी कार्यालयों के नए भवनों की आवश्यकता महसूस हो रही थी। कोटपूतली मुख्यालय पर वर्तमान में 4 एडीजे न्यायालय, 2 एसीजेएम न्यायालय, एक मुंसिफ मजिस्ट्रेट न्यायालय व एक एडिशनल मुंसिफ मजिस्ट्रेट न्यायालय संचालित है। लेकिन न्यायालय परिसर में पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण एडीजे न्यायालय अभिभाषक संघ के बार रूम में संचालित हो रहे है। साथ ही न्यायालय में करीब 400 अधिवक्ता बैठते है। उनके लिए भी पर्याप्त जगह व पार्किंग नहीं होने के कारण इस मार्ग पर भी अक्सर जाम के हालात बने रहते है।

एडीएम डॉ. सत्यवीर यादव का कहना है कि राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर सभी सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो इसके लिए करीब 158 बीघा से अधिक जमीन का प्रस्ताव जिला कलेक्टर को भेजा जा चुका है। प्रस्ताव के अनुसार कालूहेड़ा के खसरा नंबर 295 में से 80 बीघा पुलिस विभाग, 20 बीघा डीटीओ कार्यालय, 20 बीघा सिविल कोर्ट कैंपस व अन्य जमीन मिनी सचिवालय व अन्य सरकारी कार्यालयों को आवंटन का प्रस्ताव भिजवाया जा चुका है। जैसे ही उक्त भूमि आवंटित हो जाएगी। उन पर सरकारी कार्यालयों के भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एसडीएम सुनीता मीणा ने बताया कि आवंटन की प्रक्रिया प्रोसेस में है। जैसे ही आवंटन आदेश आ जाएंगे, भूमि सरकारी कार्यालयों के नाम रिकॉर्ड में दर्ज करवा दी जाएगी।



पत्रिका कोटपूत[ली]

आंतेला . जमवारामगढ़ . गठवाड़ी . अचरोल . चंद[...]

सूर्यास्त आज शाम 06:23 बजे • सूर्योदय कल सुबह 06:16 बजे | तापमान 35°

हरियाणा सहित उत्तर भारत का मुम्बई से होगा सीधा जुड़ाव

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का पनियाल[ा ...]

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

कोटपूतली. केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय ने दिल्ली-बड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस वे को जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर पनियाला मोड़ से जोड़ने का निर्णय किया है। यहां से यह मार्ग हरियाणा व उत्तर भारत को मुम्बई एक्सप्रेस वे से जोड़ेगा। इसके अलावा पनियाला मोड़ पर जंक्शन बनाया जाएगा। पनियाला से शुरू होकर यह मार्ग बड़ौद मेव (अलवर) में दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे में मिलेगा। पनियाला से आगे यह मार्ग हयिाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग 148बी से [...]

जयपुर दिल्ली राजमार्ग पर पनियाला जंक्शन का प्रस्तावित नक्शा।

नितिन गडकरी ने निकटवर्ती हरियाणा के विधानसभा क्षेत्र नांगल चौधरी के विधायक डॉ. अभय सिंह यादव को भेजे पत्र में इस निर्णय की जानकारी दी है। विधायक ने केन्द्रीय मंत्री को इस सड़क का महत्व एवं आवश्यकता बताते देते हुए पत्र भेजा था।

**यातायात का दबाव कम होगा:** जयपुर दिल्ली राजमार्ग व 148बी राजमार्ग के दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस मार्ग से जोड़ने से हरियाणा सहित उत्तर भारत का सीधे मुंबई से जुड़ाव होगा। पनियाला से बड़ौद मेव मार्ग बनने के बाद पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर सहित पूरे उत्तर भारत का मुंबई सहित पश्चिमी भारत के शहरों के लिए सबसे छोटा मार्ग होगा। इन राज्यों से आने वाले वाहन अंबाला से सीधा राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 152डी से [...]



## [प]नियाला मोड़ पर बनेगा जंक्शन

### 90 किमी तक गांव-कस्बे से नहीं गुजरेगा

यह मार्ग उत्तरी भारत को जाने वाले वाहनों के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने में सहायक होगा। पनियाला मोड़ से बड़ौदमेव (अलवर) तक प्रस्तावित 90 किलोमीटर का यह मार्ग किसी गांव व कस्बे से नहीं गुजरेगा। इस मार्ग के लिए अलग से भूमि अवाप्त कर इसका निर्माण किया जाएगा। बड़ौद मेव में यह दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा। पनियाला में बनने वाले जंक्शन पर एक मार्ग भिवानी, दूसरा मार्ग जामनगर अम्बाला, तीसरा जयपुर दिल्ली व चौथा मार्ग बड़ौद मेव-दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे के लिए निकलेगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक एके खण्डेलवाल जिनका एक दिन पहले तबादला हो गया उन्होंने बताया कि जयपुर- दिल्ली राजमार्ग को दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे से जोड़ने की योजना है। पनियाला से यह मार्ग आगे हरियाणा व उत्तर भारत से जुड़ेगा। (नि.सं.)

नारनौल, पनियाला होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 148बी से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस मार्ग पर पहुंच जाएंगे। इससे धन एवं समय दोनों की बचत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण में कमी आएगी। कुण्डली मानेसर पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस वे सहित दिल्ली की सीमा से लगते हुए मार्गों पर भी यातायात का दबाव कम होगा। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र के आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। यह मार्ग भविष्य में उत्तरी भारत के व्यस्तम मार्गों में से एक होगा।



जयपुर जिला

जयपुर, शनिवार 01 अगस्त, 2020 | 3

### बिजली चोरी करने पर जुर्माना, केस दर्ज

कोटखावदा। तहसील क्षेत्र में बिजली की चोरी करते 16 लोगों को पकड़कर 3 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना किया है। वहीं जुमार्ना राशि जमा नहीं करवाने वाले 6 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी निरोधक थाने मे मामला दर्ज करवाया गया है। बिजली निगम कोटखावदा के सहायक अभियंता आशिष शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम माधोपुरा,गोड़काबास, त्रिलोकीनाथपुरा, झांपदा कलां में अधिषासी अभियंता कर्ण सिंह मीणा व कनिष्ठ अभियंता विकास पंवार ने 16 लोगों को बिजली की चोरी करते पकड़ कर 3 लाख50 हजार रुपए का जुर्माना किया है। सहायक अभियंता ने बताया कि चोरी करने वाले 6 लोगों द्वारा जुमार्ना राशि जमा नहीं करवाने पर उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

## पनियाला में सरकारी कार्यालयों के लिए जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू

भास्कर न्यूज़ | कोटपूतली

घनी आबादी व संकरे रास्तों पर खेतड़ी रियासत के समय से चल रहे एसडीएम, तहसील कार्यालय सहित किराए के मकानो में चल रहे अन्य सरकारी भवनों को अब स्वयं का भवन नसीब हो सकेगा। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने पनियाला क्षेत्र में जमीन चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो सरकारी भवनों के लिए पनियाला क्षेत्र में करीब 100 बीघा जमीन आवंटित हो जाएगी। ज्ञात हो कि अतिरिक्त जिला मुख्यालय कोटपूतली में वर्तमान में एडीएम, डीटीओ, खान विभाग, आंगनवाड़ी कार्यालय सहित अन्य सरकारी भवन या तो किराए पर चल रहे है या किसी अन्य सरकारी कार्यालय की जमीनों पर बने अस्थाई भवनों में चल रहे है। जबकि एसडीएम, तहसील, डीएसपी, सब रजिस्ट्रार सहित उपकोषाधिकारी कार्यालय घनी आबादी के बीच खेतड़ी रियासत के समय से सरकारी भवनों में चल रहे है। इसी प्रकार 1996 में खुला डीटीओ कार्यालय का भी अपना भवन व ट्रैक नही होने के कारण परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहन की ट्रॉयल करने में अन्य जमीनों का या रोड का सहारा लेना पड़ता है।

कोटपूतली मुख्यालय पर वर्तमान में 4 एडीजे न्यायालय, 2 एसीजेएम न्यायालय, एक मुंसिफ मजिस्ट्रेट न्यायालय व एक एडिशनल मुंसिफ मजिस्ट्रेट न्यायालय संचालित है, लेकिन न्यायालय परिसर में पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण एडीजे न्यायालय अभिभाषक संघ के बार रूम में संचालित हो रहे है। साथ ही न्यायालय में करीब 400 अधिवक्ता बैठते है। उनके लिए भी पर्याप्त जगह व पार्किंग नहीं होने के कारण इस मार्ग पर भी अक्सर जाम के हालात बने रहते है। इस संबंध में एडीएम डॉ. सत्यवीर यादव का कहना है कि राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर कि सभी सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो इसके लिए करीब 100 बीघा से अधिक जमीन चिन्हित की जाए। इसको लेकर पनियाला क्षेत्र में जमीन चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर के माध्यम से इसके आवंटन के प्रयास किए जाएंगे, ताकि सभी सरकारी कार्यालय व न्यायालय एक ही छत के नीचे संचालित हो सके।

### अज्ञात कारणों के चलते राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत

मंमाणा | ग्राम खाजपुरा में शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते तीन मोरों की मौत हो गई। ग्रामीण जगदीश तोगडा व रामलाल गुर्जर ने बताया कि सुबह गांव के पास उनको तीन मोर वह दो तीतर घायल अवस्था में नजर आए थाना प्रभारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने वन विभाग के रेंजर बालू राम सारण को इसकी सूचना दी सूचना पर वन विभाग के टीम मौके पर पहुंचे वह तीन मोर वह दो तीतरो के शव को पोस्टमार्टम करने के लिए अपने कब्जे में लिए अभी तक मोरों की मौत का कारण मालूम नहीं पड़ा है। वन अधिकारी बालू राम सारण ने बताया कि मोरों के पोस्टमार्टम के रिपोर्ट के बाद में ही यह मालूम पड़ेगा कि किन कारणों के चलते मौत हुई है।

Divisa
SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

दैनिक भास्कर

जयपुर 15-07-2021

# नीमराना और मारवाड़ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में बनेंगी 2 हजार इंडस्ट्रीज, नई कंपनी को केंद्र से मिली मंजूरी

## राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी बनाने की स्वीकृति

भास्कर न्यूज | जयपुर

प्रदेश में लॉकडाउन के बाद औद्योगिक विकास व निवेश की नई राह खुली है। केंद्र सरकार ने प्रदेश में नीमराना व मारवाड़ इण्डस्ट्रियल एरिया डवलप करने के लिए राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी बनाने की स्वीकृति दे दी है। यह दोनों इण्डस्ट्रियल एरिया 3500 हेक्टेयर जमीन पर बनेंगे। इसके लिए जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। इनमें अलग अलग जोन में करीब 2 हजार इंडस्ट्रीज लगेगी। कंपनी में केंद्र सरकार 6 हजार करोड़ रुपए देगा। इसमें राज्य के रीको की 51 प्रतिशत व नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी। इसको लेकर बुधवार को दिल्ली में बैठक हुई है। जिसमें नीति आयोग व कई राज्यों के उद्योग विभाग के अधिकारी शामिल हुए। उद्योग सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर का कहना है कि दोनों इण्डस्ट्रियल एरिया अंतर्राष्ट्रीय दर्जे के होंगे तथा हाई टेक्नोलॉजी सुविधाएं होंगी। यहां पर इंटरनेशनल लेवल की मल्टीनेशनल कंपनियां निवेश करेंगी। इससे प्रदेश में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और निवेश होगा।



### इंडस्ट्रियल में बनेंगे अलग-अलग जोन

भिवाड़ी से नीमराना और जोधपुर से पानी के बीच बनने वाले इन दोनों इण्डस्ट्रियल एरिया में ऑटोमोबाइल, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी, मार्बल, गारमेंट्स, जैम्स सहित अन्य जोन होंगे। इसकी प्लानिंग की जा रही है। यहां पर जोन के हिसाब से इण्डस्ट्रियल को भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

# कोटपूतली के 86 गांवों में से निकलेगा दिल्ली-जयपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे

## एनएचएआई ने एसडीएम से मांगी इन गांवों की एल्फाबैटिक क्रमानुसार सूची

कार्यालय संवाददाता | कोटपूतली

जयपुर से महज तीन-चार घंटे में दिल्ली पहुंचने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित एक्सप्रेस वे में कोटपूतली तहसील के 86 गांवों की जमीन अवाप्त की जाएगी। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय प्राधिकरण ने एसडीएम कार्यालय से भूमि अवाप्ति के 86 गांवों की एल्फाबैटिक सूची मांगी है। जानकारी के अनुसार इस एक्सप्रेस वे के लिए बहरोड, कोटपूतली, शाहपुरा, श्रीमाधोपुर, आमेर के एसडीएम को भूमि अवाप्ति अधिकारी बनाया गया है।

तहसील कार्यालय के अनुसार ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे में कोटपूतली तहसील के केशवाना राजपूत, केशवाना गुर्जर, टोडी, गोनेड़ा, करवास, पूरण नगर, नांगलचैचीका, जयसिंहपुरा, भवाली, खेमूका की ढाणी, रामगढ, भखराना, अमरपुरा, अजीतपुरा खुर्द, गोपालपुरा, खेड़ा निहालपुरा, गोलियों की ढाणी, चिम्मनपुरा, भोपतपुरा, चानचकी, नीरंगपुरा, कालूहेड़ा, जगदीशपुरा, भोजावास, मरूंड, नवल कुशालपुरा, पवाना राजपूत, नारेहड़ा, खडब, हसनपुरा, रायकरणपुरा, फतेहपुरा कलां, कीरतपुरा, कांसली, राहेडा, पिचाणी, अजीतपुरा कलां, रघुनाथपुरा, रामसिंहपुरा, रामपुरा, भैंसलाना, शुक्लावास, पुरूषोत्तमपुरा, बेरी, मीरापुर फॉर्म, बीठलोदा, द्वारिकपुरा, सुजातनगर, सुंदरपुरा ढाढा, दांतिल, भूरी भडाज, गुलाबगढ़, जीणगौर, चांदोली, दूदावास, टस्कोला, टोरडा गुजरान, फतेहपुरा खुर्द व बुचारा गांवों में से प्रस्तावित एक्सप्रेस वे निकलेगा। एनएचएआई प्रशासन ने इन गांवों की सूची भेजकर इनका नामकरण एल्फाबैटिक तरीके से करने को कहा है, ताकि एक्सप्रेस वे की अधिसूचना गजट नोटिफिकेशन के लिए जारी की जा सके। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च को राजस्थान आए केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एक्सप्रेस वे का निर्माण इसी वर्ष शुरू किए जाने की घोषणा की है।



कोटपूतली. यूं होगा एक्सप्रेस वे।

दैनिक भास्कर

जयपुर जिला शाहपुरा 13-08-2021

**हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए सर्वे शुरू** • स्पीड में कमी नहीं आए, इसलिए ट्रैक में कहीं भी नहीं होगा घुमाव

# बुलेट ट्रेन का रूट तय; कोटपूतली के 19, पावटा के 8, विराटनगर के 9, शाहपुरा के 16, आमेर के 24, चौमू के 14, सांगानेर के 4 गांवों से गुजरेगी

भास्कर न्यूज | कोटपूतली

जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि दिल्ली-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जिले के 130 गांवों से होकर गुजरेगी। कोटपूतली में इसका स्टेशन नहीं बनेगा लेकिन बहरोड़ व शाहपुरा में इसका स्टेशन बनाया जाएगा। इससे दिल्ली व अहमदाबाद का सफर महज साढ़े 4 घंटे में पूरा हो सकेगा। भारत सरकार ने इसके लिए 886 किमी लंबे हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए सर्वे करने का कार्य शुरू कर दिया है। इस ट्रेन का ट्रैक बहरोड़, नीमराना व जयपुर होते हुए राजस्थान के 7 जिलों से गुजरेगा। जयपुर जिले के 130 गांवों से होकर बुलेट ट्रेन गुजरेगी। दिल्ली से जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर होकर गुजरात में अहमदाबाद तक यह ट्रेन चलेगी। फिर अहमदाबाद से मुंबई पुणे तक जुड़ेगी। इसका ट्रैक एलिवेटेड यानी पूरा फ्लाईओवर की तरफ होगा। नीचे की जमीन, सड़क या प्रभावित परिवार काम में ले सकेंगे। दोनों और 20-20 मीटर की साइड अधिग्रहण की जाएगी। अब सर्वे इस बात का हो रहा है कि ट्रेन के ट्रैक में कहीं मोड़ ना हो, यानी कम से कम मोड़ हो जिससे स्पीड में कमी नहीं हो।

## दिल्ली-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जिले के 130 गांवों से निकलेगी, 886 किमी दूरी में कुल 15 स्टेशन होंगे



### जिले की 9 तहसीलों से होकर गुजरेगी

प्लान के मुताबिक यह बुलेट ट्रेन जयपुर जिले की 8 तहसीलों के 130 गांवों से गुजरेगी। जिनमें कोटपूतली के 19, पावटा के 8, विराटनगर के 9, शाहपुरा के 16, आमेर के 24, चौमू के 14, जयपुर के 15, सांगानेर के 4, मौजमाबाद के 21 गांवों से होकर यह ट्रेन गुजरेगी। कोटपूतली व पावटा तहसील के केशवाना राजपूत, मास्तुरा, केशवाना गुर्जर, मोरदा/पनियाला, बीजाहेड़ा, खेड़की मुकंद, सांगटेड़ा, शेखपुर, मोलाहेड़ा, खेड़की वीरभान, कोटपूतली सीटी, पुतली, भालोजी, कल्याणपुरा खुर्द, कंवरपुरा, गोरधनपुरा, रघुनाथपुरा, पाथरेड़ी, किरातंद, प्रागपुरा, कल्याणपुरा, बड़नगर, खेलना, लाडा का बास, बागावास अहीरान, कारौली गांवों से होकर यह ट्रेन गुजरेगी।

### ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किमी प्रति घंटा होगी, जमीन अवाप्ति की आपत्तियां लेंगे

दिल्ली के द्वारका, गुरुग्राम का मानेसर, रेवाड़ी, बहरोड़, शाहपुरा, जयपुर, अजमेर, विजय नगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर, हिम्मतनगर, गांधीनगर और अहमदाबाद में स्टेशन बनाए जाएंगे। बुलेट ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किमी प्रति घंटा होगी। जिला कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रोजेक्ट पर काम नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन कर रहा है। कॉरिडोर निर्मित क्षेत्रों व जनसंख्या समूहों से बचने के लिए संबंधित क्षेत्रों के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होगी। जिसमें आमजन की आपत्तियां ली जाएंगी। फिलहाल सर्वे का कार्य शुरू किया गया है।

दैनिक भास्कर

जयपुर जिला शाहपुरा 13-08-2021

**हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए सर्वे शुरू** • स्पीड में कमी नहीं आए, इसलिए ट्रैक में कहीं भी नहीं होगा घुमाव

बुलेट ट्रेन का रूट तय; कोटपूतली के 19, पावटा के 8, विराटनगर के 9, शाहपुरा के 16, आमेर के 24, चौमू के 14, सांगानेर के 4 गांवों से गुजरेगी

भास्कर न्यूज | कोटपूतली

जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि दिल्ली-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जिले के 130 गांवों से होकर गुजरेगी। कोटपूतली में इसका स्टेशन नहीं बनेगा लेकिन बहरोड़ व शाहपुरा में इसका स्टेशन बनाया जाएगा। इससे दिल्ली व अहमदाबाद का सफर महज साढ़े 4 घंटे में पूरा हो सकेगा। भारत सरकार ने इसके लिए 886 किमी लंबे हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए सर्वे करने का कार्य शुरू कर दिया है। इस ट्रेन का ट्रैक बहरोड़, नीमराना व जयपुर होते हुए राजस्थान के 7 जिलों से गुजरेगा। जयपुर जिले के 130 गांवों से होकर बुलेट ट्रेन गुजरेगी। दिल्ली से जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर होकर गुजरात में अहमदाबाद तक यह ट्रेन चलेगी। फिर अहमदाबाद से मुंबई पुणे तक जुड़ेगी। इसका ट्रैक एलिवेटेड यानी पूरा फ्लाईओवर की तरफ होगा। नीचे की जमीन, सड़क या प्रभावित परिवार काम में ले सकेंगे। दोनों और 20-20 मीटर की साइड अधिग्रहण की जाएगी। अब सर्वे इस बात का हो रहा है कि ट्रेन के ट्रैक में कहीं मोड़ ना हो, यानी कम से कम मोड़ हो जिससे स्पीड में कमी नहीं हो।

दिल्ली-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जिले के 130 गांवों से निकलेगी, 886 किमी दूरी में कुल 15 स्टेशन होंगे

जिले की 9 तहसीलों से होकर गुजरेगी

प्लान के मुताबिक यह बुलेट ट्रेन जयपुर जिले की 8 तहसीलों के 130 गांवों से गुजरेगी। जिनमें कोटपूतली के 19, पावटा के 8, विराटनगर के 9, शाहपुरा के 16, आमेर के 24, चौमू के 14, जयपुर के 15, सांगानेर के 4, मौजमाबाद के 21 गांवों से होकर यह ट्रेन गुजरेगी। कोटपूतली व पावटा तहसील के केशवाना राजपूत, मास्तुरा, केशवाना गुर्जर, मोरदा/पनियाला, बीजाहेड़ा, खेड़की मुकंद, सांगटेड़ा, शेखपुर, मोलाहेड़ा, खेड़की वीरभान, कोटपूतली सीटी, पुतली, भालोजी, कल्याणपुरा खुर्द, कंवरपुरा, गोरधनपुरा, रघुनाथपुरा, पाथरेड़ी, किरातंद, प्रागपुरा, कल्याणपुरा, बड़नगर, खेलना, लाडा का बास, बागावास अहीरान, कारौली गांवों से होकर यह ट्रेन गुजरेगी।

ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किमी प्रति घंटा होगी, जमीन अवाप्ति की आपत्तियां लेंगे


दिल्ली के द्वारका, गुरुग्राम का मानेसर, रेवाड़ी, बहरोड़, शाहपुरा, जयपुर, अजमेर, विजय नगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, डूंगरपुर, हिम्मतनगर, गांधीनगर और अहमदाबाद में स्टेशन बनाए जाएंगे। बुलेट ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किमी प्रति घंटा होगी। जिला कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रोजेक्ट पर काम नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन कर रहा है। कॉरिडोर निर्मित क्षेत्रों व जनसंख्या समूहों से बचने के लिए संबंधित क्षेत्रों के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होगी। जिसमें आमजन की आपत्तियां ली जाएंगी। फिलहाल सर्वे का कार्य शुरू किया गया है।



# VIP CITY

Feels Luxurious Yourself

## LAYOUT PLAN



# VIP CITY

Feels Luxurious Yourself

Bang ON MAIN NH-08, (Delhi - Jaipur Highway) Near Hotel Aambagh

**Developer -** RUDRAA HOUSING INDIA PRIVATE LIMITED

**India Office** : 501-504, Suneja Tower-2, District Center Janakpuri, New Delhi 110058

**Dubai Office** : 703, MM Tower, Rega Al Buteen, Deira, Dubai

Contact : 95131 40083 88840 22252

